# भोपाल, मध्यप्रदेश मे ई-ग्रंथालय परियोजना प्रशिक्षण का आयोजन

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डी ओं पी टी) , भारत सरकार द्वारा प्रायोजित SCTP प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत ई-ग्रंथालय परियोजना का आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा अकादमी, भोपाल, मध्य प्रदेश में दिनांक 09/07/2025 से 11/07/2025 तक किया गया |

ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर का मध्यप्रदेश के महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों के लगभग 450 से अधिक पुस्तकालयों में सफलता पूर्वक क्रियान्वयन किया जा चुका है। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम मे **राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र , मध्य प्रदेश** द्वारा प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों के ग्रंथपाल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। ।

उद्घाटन सत्र में डॉ. अनुपमा रावत, प्रशिक्षण संचालक,नरोन्हा अकादमी, श्री अरविन्द सोले, वरिष्ठ निदेशक (आई. टी.) एवं श्री जितेन्द्र पाराशर, वैज्ञानिक 'डी, एवं राज्य समन्वयक, ई-ग्रंथालय ने प्रतिभागियों को संबोधित किया । अपने संबोधन में सभी वक्ताओ ने प्रतिभागियों से अपेक्षा की कि इस प्रशिक्षण के बाद वे अपने महाविद्यालय लाईब्रेरी ऑटोमेशन का कार्य सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने की दिशा में अग्रसर होगें।

श्री जितेन्द्र पाराशर, वैज्ञानिक 'डी' एवं श्री मोहन लाल, सॉफ्टवेयर डेवलपर के द्वारा ई-ग्रंथालय परियोजना के विभिन्न माड्यूल्स पर व्याख्यान दिया गया, साथ ही सभी ग्रंथपालों को प्रत्येक सत्र में कम्प्यूटर पर व्यावहारिक ज्ञान भी दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल की लाईब्रेरीयन डॉ. श्रीमती प्रज्ञा नायक ने अपने महाविद्यालय में ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर के अधिकांशत: माड्यूल के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के अनुभव साझा किए ।

समापन सत्र में प्रतिभागियों से प्रशिक्षण की विषय वस्तु के संबंध में एनआईसी एवं अकादमी के वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा सीधे संवाद करते हुए प्रतिभागियों से फीडबैक प्राप्त किया एवं प्रतिभागियों के प्रश्नो तथा समस्याओं का निवारण भी किया | फीडबैक के दौरान कई प्रतिभागियों द्वारा बताया गया की ई-ग्रंथालय क्रियान्वयन से NAAC ग्रेडिंग में कई महाविद्यालयों को उत्कृष्ट श्रेणी प्राप्त हुई । सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पूर्ण करने हेतु प्रमाण पत्र प्रदान किया गया ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की चित्रमय झलकियाँ :-












